**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 02 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 दिसंबर को पानीपत से देश भर में बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे । इस कार्यक्रम में प्रदेश से एक लाख महिलाएं पहुंचेगी।मुख्यमंत्री कल देर शाम लाडवा में कार्यकर्ताओं की बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोगों ने लगातार तीसरी बार बी जे पी सरकार बनाकर विकास को तरजीह दी है। सरकार जनता की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए हर क्षेत्र का समान विकास सुनिश्चित कर रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने गत 10 वर्षों में हर वर्ग का विकास किया है।

1-बाइट -सी एम -ए

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों का नवीनीकरण और मरम्मत का कार्य तेज गति के साथ किया जा रहा है।एक प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास न कोई मुद्दा है, न कोई नीति और न ही कोई नेता है, इसलिए कांग्रेस अपनी हार का सारा जिम्मा ईवीएम मशीनों को देने का काम कर रही है। जबकि जहां से कांग्रेस को जीत हासिल हुई है, वहां पर यह मुद्दा नहीं है। कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा व विधानसभा चुनाव में झूठ और संविधान का सहारा लिया, लेकिन पूरी दुनिया के सामने कांग्रेस का झूठ बेनकाब हुआ ।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम भ्रम फैलाना है।

*********************************************************************************

हरियाणा सरकार ने प्रदेश के पांच महाविद्यालयों का नाम शहीदों और समाज के प्रबुद्ध नागरिकों के नाम पर रखने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह

सैनी ने कल इसे प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की ।एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सरकार के निर्णय के अनुसार, भारत की प्रथम महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले के सम्मान में राजकीय महिला महाविद्यालय, लोहारू का नाम सावित्रीबाई फुले के नाम पर रखा जाएगा।

इसके अलावा, राजकीय महिला महाविद्यालय बावल का नाम श्रीमती सावित्री देवी मोतीलाल (तिहाड़ा वाले) तथा राजकीय महाविद्यालय कनीना का नाम पितामह कान्हा सिंह के नाम पर किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कनीना के नागरिकों ने अपनी जमीन पर स्वयं पैसे खर्च करके महाविद्यालय का निर्माण कराया था और महाविद्यालय का नाम गांव के संस्थापक पितामह कान्हा सिंह के नाम पर रखा था। वर्ष 2014 में सरकार द्वारा महाविद्यालय को अपने अधीन लेने के बाद पितामह कान्हा सिंह का नाम हटा दिया गया था। अब कनीन वासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए और उनकी मांग को पूरा करते हुए इस महाविद्यालय का नाम पुनः पितामह कान्हा सिंह के नाम पर किया जाएगा।

*****************************************************************
***********

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि अगले 6 महीने में गुरुग्राम जिले में विकास परियोजनाओं के संबंध में धरातल पर व्यापक बदलाव देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाली विकास परियोजनाओं को लेकर लोगों को जो अपेक्षाएं हैं उन्हें शत प्रतिशत पूरा किया जाएगा।राव नरबीर सिंह कल बादशाहपुर में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने अंत्योदय उत्थान के भावना के साथ पिछले 10 वर्षों में अनेक पहलों के साथ नए कीर्तिमान स्थापित किए है। जिनका अनुसरण देश के अन्य राज्य भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पारदर्शिता के साथ मैरिट के आधार पर भर्ती करने

का जो मजबूत तंत्र स्थापित किया है। उससे समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का भी सरकार में विश्वास बढ़ा है।

****************************************************************************

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कल पानीपत जिले में कारगिल शहीद हवलदार विजय के गांव पूठर में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रदांजलि दी। गाँव में आयोजित सम्मान समारोह में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शहीद सबके लिए प्रेरणा हैए उनकी शहादत को कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने गांव में शहीद के नाम से ई लाइब्रेरी एवं मुख्य द्वार बनवाने का आश्वासन दिया।कैबिनेट मंत्री ने बलाना गांव की जमीन पर बनने वाले सैनिक भवन परिसर का शिलान्यास भी किया। उन्होंने अपने ऐच्छिक कोष से 21 लाख रुपए सैनिक परिसर में सहयोग के रूप में प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर श्री पंवार ने कहा कि भारतीय सेना में हर दसवां जवान हरियाणा का है। केंद्र सरकार ने वन रैंक वन पेंशन की मांग को पूरा करके सैनिकों का सम्मान किया है।

****************************************************************************